डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 23 नवंबर, गुरुवार, 2023

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना - 10

# हम वादा करते हैं, हमारी ये जनसेवा जारी रहेगी






# रेलवे में वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली रियायत जारी रखे केंद्र सरकार : डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कांग्रेस पार्टी के शासन काल से लगातार देश भर के वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली रियायत को वर्तमान की केंद्र सरकार ने कोविड आपदा के समय से बंद कर दिया जो आज तक बंद है। लिहाजा, रेल यात्रा में वरिष्ठ नागरिकों की रियायत खत्म करने की वजह से मध्यम वर्गीय परिवार के वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे से यात्रा करना बहुत हद तक कम कर दिया है। इसलिए भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी को चाहिए कि इस मामले में हस्तक्षेप कर वरिष्ठ नागरिकों को रेल यात्रा में मिलने वाली रियायत को फिर से शुरू करने हेतु कदम उठाए जाएं। उक्त बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के पॉलिटिकल अफेयर कमिटी के सदस्य व जाने माने शिक्षाविद् डॉक्टर चंद्रिका प्रसाद यादव ने कही।



**प्रधानमंत्री मोदी से इस बाबत हस्तक्षेप करने की मांग की गई ताकि वरिष्ठ नागरिकों की रेल यात्रा में रियायत फिर से शुरू हो।**

उन्होंने कहा कि अगर आंकड़ों पर गौर किया जाय तो वर्ष 201819 में लगभग 7.4 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे से यात्रा की जो संख्या घटकर 2022 में 1.7 करोड़ तक पहुंच गई। इससे साफ जाहिर होता है कि देश के करोड़ों वरिष्ठ नागरिकों ने रेलवे मंत्रालय के द्वारा रेल यात्रा में मिलने वाली रियायत को खत्म कर दिया गया , इस वजह से उन्होंने अपनी रेल यात्रा में भारी कटौती की।

श्री यादव ने इस बाबत देश के प्रधान मंत्री और रेल मंत्री से मांग की कि देश के माध्यम वर्गीय और गरीब परिवार के वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए रेलवे में मिलने वाली रियायत को फिर से शुरू किया जाय। ताकि वो सुविधाजनक तरीके से पूर्व की भांति ही रेल यात्रा का लाभ उठा सकें।

# जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंच कर देखा चिरंजीवी योजना का चमत्कार

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

चिरंजीवी योजना का चमत्कार खुद जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंच कर देखा!

- ✅ किडनी ट्रांसप्लांट - मुफ्त
- ✅ लिवर ट्रांसप्लांट - मुफ्त
- ✅ कैंसर का इलाज - मुफ्त
- ✅ हृदय रोग का इलाज - मुफ्त
- ✅ ऑपरेशन - मुफ्त
- ✅ डायलिसिस - मुफ्त
- ✅ इंप्लांट्स - मुफ्त

मरीज़ों और उनके परिवारों के चेहरों पर सुकून में इसका असर साफ दिखा। भारत की सबसे बेहतरीन मुफ्त इलाज की इस पहल ने लाखों लोगों की ज़िंदगियां बदल दी हैं।

जैसे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी ने घोषणा की और हमारे घोषणापत्र में वादा किया गया है, इस क्रांतिकारी योजना में इलाज की राशि ₹25 लाख से बढ़ा कर ₹50 लाख कर दी गई है।

राजस्थान के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बड़े से बड़ा और महंगे से महंगा इलाज, राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी है।




देश की बर्बादी
के लिए सिर्फ
एक पनौती काफी है
मणिपुर
हिसा की चपेट में
चीन
घुसपैठ की ताक में
युवा
भविष्य अंधकार में
महिलाएं
डर के साए में
दलित-आदिवासी
नफरत और हिसा के शिकार
अर्थव्यवस्था
बर्बादी के कगार पर
महंगाई
आसमान पर
रुपया
रसातल में
Indian National Congress
@INCIndia
www.inc.in




# भविष्य के लिए राजस्थान की जनता को हम गारंटी देते हैं

- चिरंजीवी योजना- ₹50 लाख तक मुफ्त इलाज
- 4 लाख सरकारी नौकरियां, कुल 10 लाख नए रोजगार
- ₹500 वाला गैस सिलेंडर ₹400 में
- किसानों को एमएसपी की गारंटी, ₹2 लाख तक ब्याज मुक्त कर्ज
- जातिगत जनगणना
- पुरानी पेंशन की कानूनी गारंटी
- प्राइवेट स्कूलों में भी 12वीं तक की शिक्षा फ्री
- मनरेगा के तहत 150 दिन की रोजगार गारंटी
- आवास का अधिकार कानून लाएंगे



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सेंट्रल वॉर रूम चेयरमैन शशिकांत सेंथिल जी से मिलकर श्री परशुराम इंटरनेशनल (ब्राह्मण संघटन) द्वारा विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस पार्टी को राजस्थान राज्य में अपना मत व समर्थन देने की घोषणा की। इस अवसर पर नवीन शर्मा जी, जगदीश शर्मा जी, किसान नेता हरिनारायण घटाला जी मौजूद रहे।






कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी जी ने राजस्थान के शाहपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की नीतियां किसान, नौजवान, महिला, दलित, पिछड़ा और आदिवासी विरोधी हैं। भाजपा आम जनता की जेब से खींचती है और देश की संपति अपने मित्रों को सौंपती है। देश की जनता यह समझ रही है। अब लूट का यह खेल ज्यादा दिन तक नहीं चलने वाला है।

**Rahul Gandhi जी ने राजस्थान के नदबई में विशाल जनसभा को संबोधित किया।**
**कांग्रेस सरकार की कल्याणकारी नीतियों ने हर वर्ग को मजबूत करने का काम किया है। यह विशाल जनसमूह गवाही दे रहा है कि राजस्थान की जनता फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने जा रही है।**





# सिलक्यारा टनल हादसे में फंसे लोगों के परिजनों से मुलाकात



संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण

माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री **Karan Mahara** जी ने उत्तरकाशी में सिलक्यारा टनल हादसे में फंसे लोगों के परिजनों से मुलाकात की और वहाँ पर चल रहे रेस्क्यू अभियान का जायज़ा लिया।

उन्होंने कहा ₹इस अभियान में भाजपा सरकार की नाकामी साफ दिख रही है, लेकिन हमारे सेना, एयरफोर्स के जवान दिन रात मेहनत में लगे हैं। मैं सभी जवानों व रेस्क्यू अभियान में लगे लोगों को सलाम करता हूँ।

मैं भगवान श्री काशी विश्वनाथ और माँ गंगा से सभी श्रमिकों के जल्द सकुशल टनल से बाहर आने की कामना करता हूं।₹

इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री **Dinesh Chauhan** जी,जिलाध्यक्ष सेवादल श्री श्याम सिंह राणा जी,जिलाध्यक्ष एस०सी०प्रकोष्ठ श्री मोहन भूराठा जी,जिलाध्यक्ष आई०टी०श्री नौनियाल सिंह राणा जी,के साथ अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# बेगूसराय: इंदिरा गांधी जी के स्मृति में प्रियदर्शनी कप का आयोजन

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण




भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व० श्रीमती इंदिरा गांधी जी के स्मृति में प्रियदर्शनी कप का आयोजन ग्रीन पार्क उलाव बेगुसरार में बेगूसराय जिला कांग्रेस क्रीड़ा विभाग के द्वारा किया गया। बेगूसराय क्रिकेट एकेडमी के कप्तान देवराज राणा ने टॉस जीता और ग्रीन पार्क के कप्तान अभिनव कुमार को बैटिंग करने का आमंत्रण दिया। प्रियदर्शनी कप का फाइनल मैच 3 दिसंबर को 11 बजे दिन में होगा और 3 बजे पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा।

इस मैच के उद्घाटनकर्ता संजय सिंह बिहार प्रदेश डेलीगेट सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष, सचिदानंद सिंह प्रदेश डेलीगेट बिहार कांग्रेस, राम पदार्थ यादव जिलाध्यक्ष विचार विभाग, रणवीर कुमार जिलाध्यक्ष क्रीड़ा, मुकेश माइकल नगर अध्यक्ष क्रीड़ा विभाग ,राजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष, मोहित सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष सोशल मीडिया डिपार्टमेंट, नीरज कुमार जिला उपाध्यक्ष क्रीड़ा विभाग, गौतम प्रकाश कांग्रेस नेता, ओमप्रकाश झा नगर महासचिव, कृष्णंदन भगत नगर सचिव ,मो० इम्तियाज, सोभित पासवान, मो० साहिद अख्तर। टुन्नामेंट के अंपायर ऋतिक कुमार और राहुल दीवाना हैं। इस मैच का **online** स्कोरिंग **crick heroes** पर गुलशन कुमार कर रहे हैं।




**दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में जननायक श्री राहुल गांधी जी के व्हाट्सएप चैनल का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष श्री Arvinder Singh Lovely जी ने किया।**

**इस अवसर पर पूर्व विधायक भीष्म शर्मा जी, सुरेंद्र कुमार जी, जितेंद्र जीतू जी, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कसाना जी, मनोज यादव जी, दिनेश एडवोकेट जी, जुबेर अहमद जी, धर्मपाल चंदेल जी, सतबीर शर्मा जी, राजेश चौहान जी, विष्णु अग्रवाल जी, निगम पार्षद मोहम्मद जरीफ जी,जगजीवन शर्मा जी, अनुज आत्रे जी, हेदायतुल्लाह जी,अब्दुल वाहिद कुरेशी जी व कांग्रेस के अन्य नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।**

# कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

कौशाम्बी में बीते दिनों जिस बिटिया की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गयी। आज प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय राय जी के निर्देशानुसार उस दुर्दांत घटना की वास्तविक वस्तुस्थिति जानने के लिए कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमंडल पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचा।

प्रदेश महासचिव विवेकानंद जी के साथ पहुंचे प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए पीड़ित परिवार ने बताया कि मृतका संजय निषाद के पार्टी की कार्यकर्ता थी। लेकिन, उसके बावजूद भी अभी तक हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

सोचिये, सत्ता में बैठी पार्टी के महिला कार्यकर्ता की सरेराह हत्या हो जा रही है। और उसके हत्यारों की गिरफ्तारी तक नहीं हो पा रही है। इससे बदतर हालात क्या हो सकते हैं?

प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रुप से जिलाध्यक्ष अरुण विद्यार्थी, प्रदेश सचिव रामकिशुन पटेल जी एवं कांग्रेस नेता राजीव लोचन निषाद जी समेत कई कांग्रेसजन रहे।



**प्रेस विज्ञप्ति** 22 नवंबर 2023

**श्री पवन खेड़ा, चेयमैन, मीडिया एवं प्रचार (AICC संचार विभाग) द्वारा जारी बयान –**

आज श्री नरेंद्र मोदी ने प्रधान मंत्री झूठ बोलो योजना को जारी रखते हुए बौखलाहट में झूठों का एक और पुलिंदा खोल दिया।

स्वर्गीय राजेश पायलट जी श्रीमती इंदिरा गांधी एवं श्री राजीव गांधी से प्रेरित हो कर भारतीय वायु सेना की नौकरी छोड़ कर राजनीति में आए। वे ना केवल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे, इस देश में सांप्रदायिक ताकतों के ख़िलाफ़ वह हमेशा लड़ते रहे। स्वर्गीय पायलट जी ने कांग्रेस की लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत स्वर्गीय सीताराम केसरी के विरुद्ध कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ा। प्रधान मंत्री अपने आधे अधूरे ज्ञान की वजह से भूल गए कि उस वक़्त श्रीमती सोनिया गांधी सक्रिय राजनीति में नहीं थी। ना ही गांधी परिवार का कोई अन्य सदस्य उस समय राजनीति में था।

स्वर्गीय राजेश पायलट जी ने पार्टी व सरकार के अनेक पदों पर रह कर इस देश की सेवा की।

उनके काबिल सुपुत्र श्री सचिन पायलट ना केवल केंद्र में मंत्री रहे बल्कि राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष भी रहे और फिर उप मुख्यमंत्री भी। आज वह कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य हैं और दएह भर में जी जान से चुनाव प्रचार व पार्टी के अन्य कार्यक्रमों में शामिल रहते हैं।

मोदी जी स्वर्गीय राजेश पायलट व कांग्रेस पार्टी के विषय में झूठ परोसने की बजाय आज तो आपको गुर्जर समुदाय से माफ़ी माँगनी चाहिए थी जिसके 72 नौजवान गुर्जर आंदोलन भाजपा के राज में मारे गए थे।




**पश्चिम सिंहभूम के चक्रधरपुर विधानसभा में होगा युवा कांग्रेस का लोकसभा स्तरीय मिलन समारोह**

**ऐतिहासिक होगा युवा कांग्रेस का मिलन समारोह - प्रीतम बांकिरा**

**आज चाईबासा के कांग्रेस भवन में युवा कांग्रेस की पश्चिम सिंहभूम और सरायकेला खरसावां की संयुक्त बैठक हुई। दोनों जिलों के संयुक्त बैठक में चर्चा हुआ कि ₹लोकसभा स्तरीय मिलन सम्मेलन₹ चक्रधरपुर में आयोजित किया जाएगा।**



**''पनौती'' का क्या अर्थ है? मैंने पता लगाया। यह एक नकारात्मक शब्द है। जब कोई काम होते-होते रह जाए तो उस इंसान को 'पनौती' कह दिया जाता है। पनौती शब्द का इस्तेमाल उस व्यक्ति के लिए किया जाता है जो अपने आस-पास के लोगों के लिए दुर्भाग्य या बुरी खबर लाता है, इसीलिए इसे नकारात्मक शब्द कहते हैं। विश्व कप प्रारंभ होते ही सोशल मीडिया पर यह शब्द Trend करने लगा। यह किसके लिये कहा गया? स्टेडियम में हज़ारों लोग थे। भाजपा ने मोदी जी को ''पनौती'' क्यों मान लिया? वे तो उनकी उनकी नज़र में ''विश्वगुरु'' हैं।**





## मैं डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह समस्त बिहार वासियों से अपील करता हूं की नफरत को मिटाने के लिए दिल से जोड़े दिल और हाथ से जोड़े हाथ आईए कांग्रेस के साथ

## हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की

# देश की पार्टी कांग्रेस पार्टी

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पहल

### जुड़ें कांग्रेस से, जुड़ें कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों से

भाइयों और बहनों

- आइये जुड़े बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी से
- सभी युवा जुड़ें यूथ कांग्रेस से
- बहने एवं महिलाएं जुड़ें महिला कांग्रेस से
- कॉलेज के छात्र-छात्रा जुड़े एन एस यू आई से
- बेरोजगार युवा जुड़े सेवादल यंग ब्रिगेड से
- जुड़ें कांग्रेस पार्टी से
- जुड़े महिला सेवादल से



**प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार**

अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल
सदाकत आश्रम, पटना

## कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद

**कांग्रेस महासचिव श्रीमती Priyanka Gandhi Vadra ने राजस्थान के शाहपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया।**
**राजस्थान की जनता का विश्वास हमारे साथ है, वो BJP के छलावे में नहीं आने वाली।**
**कांग्रेस भारी बहुमत के साथ राजस्थान में सरकार बनाने जा रही है।**








**Rahul Gandhi**
@RahulGandhi

चिरंजीवी योजना का चमत्कार आज खुद जयपुर के महात्मा गांधी अस्पताल पहुंच कर देखा!

- ✅किडनी ट्रांसप्लांट - मुफ्त
- ✅लिवर ट्रांसप्लांट - मुफ्त
- ✅कैंसर का इलाज - मुफ्त
- ✅हृदय रोग का इलाज - मुफ्त
- ✅ऑपरेशन - मुफ्त
- ✅डायलिसिस - मुफ्त
- ✅इंप्लांट्स - मुफ्त


मरीज़ों और उनके परिवारों के चेहरों पर सुकून में इसका असर साफ दिखा। भारत की सबसे बेहतरीन मुफ्त इलाज की इस पहल ने लाखों लोगों की ज़िंदगियां बदल दी हैं।

जैसे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जी ने घोषणा की और हमारे घोषणापत्र में वादा किया गया है, इस क्रांतिकारी योजना में इलाज की राशि ₹25 लाख से बढ़ा कर ₹50 लाख कर दी गई है।

राजस्थान के गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों का बड़े से बड़ा और महंगे से महंगा इलाज, राज्य सरकार की ज़िम्मेदारी है।

कांग्रेस फिर से,
सदा चिरंजीवी राजस्थान!









कांग्रेस फिर से